>

Title: Regarding relieving of employees selected to the post of Track Maintainers and ‘Khalasi’ in Railways-laid.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): रेलवे की कार्यशालाएँ एवं प्रतिष्ठान में हेल्पर ग्रेड पे PML-01(GP Rs. 1800/-) ग्रुप ‘डी’ केटेगरी में रेलवे के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को प्रमोशन हेतु रेलवे बोर्ड के 10% एवं 40% कोटा के प्रावधान के अंतर्गत भर्ती के लिए रेलवे के हर जोन से नोटिफिकेशन जारी किये जाते है| कुल पात्र आवेदनों से रेलवे की कार्यशालाएँ एवं प्रतिष्ठान की स्क्रीनिंग कमिटी ऐसे कर्मचारियों का चयन करती है| इसी तरह 2016 से आज तक भुसावल तथा अन्य सेंट्रल रेलवे डिवीज़न के अंतर्गत इलेक्ट्रो लोकोमोटिव वर्कशॉप)ELW-POH)से 10% एवं 40% कोटा भर्ती के लिए जारी नोटिफिकेशन के उपरांत, स्क्रीनिंग कमिटी ने कर्मचारियों {ट्रैक मेनटेनेर्स(Trackmaintainers) एवं खलाशी} का सिलेक्शन भी किया है, लेकिन इन कर्मचारियों को रिलीव नहीं किया गया यह कहते हुए कि रिलीव किये जानेवाले कर्मचारियों की जगह जब तक जोनल रेलवे द्वारा नये कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक वह इन कर्मचारियों को रिलीव नहीं कर सकते और आज तक भी इन कर्मचारियों को रिलीव नहीं किया गया है । मैं इस सरकार से एवं रेल मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि भुसावल सेंट्रल रेल के इन कर्मचारियों को तुरंत रिलीव करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश निर्गमित करे जिससे इन कर्मचारियों को प्रमोशन मिले तथा नेचुरल जस्टिस मिले|